जलमार्गों को सुगम व सस्ता बनाने के लिए बनेगी नई अथॉरिटी : योगी

सीएम ने निजी औद्योगिक पार्कों के विकास के लिए 1,689 लाख की प्रथम किस्त का किया वितरण

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जलमार्गों के जरिये माल ढुलाई को और सुगम व सस्ता बनाने के लिए राज्य सरकार नई अथॉरिटी का गठन करेगी। वह अपने सरकारी आवास पर बुधवार शाम प्लेज योजना के तहत निजी औद्योगिक पार्क के विकास के लिए आयोजित चेक वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने उद्योगों को भूमि उपलब्ध कराने के लिए विकासकर्ताओं को प्रमोटिंग लीडरशिप एंड इंटरप्राइजेज फॉर डेवलपमेंट ऑफ ग्रोथ इंजन (प्लेज) योजना के तहत 1,689.98 लाख रुपये की प्रथम किस्त का वितरण किया। इससे अलीगढ़, सहारनपुर और कानपुर देहात में निजी औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यूपी के बारे में छह साल पहले कहा जाता था कि यहां कुछ नहीं हो सकता है। आज वही प्रदेश अभिनव योजनाओं के जरिये अपनी क्षमताओं को देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत किया है। प्लेज योजना उसी शृंखला का हिस्सा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वाराणसी से हल्दिया तक देश का पहला राष्ट्रीय जलमार्ग क्रियाशील है। प्रदेश सरकार जल्द ही एक नई अथॉरिटी का गठन करने जा रही है, जो यूपी में जलमार्गों के विकास के लिए तेजी के साथ काम करेगी।

अलीगढ़, सहारनपुर व कानपुर देहात में विकसित किए जाएंगे निजी औद्योगिक पार्क

निजी पार्क बनाने के लिए आगे आएं उद्यमी

समारोह में मुख्यमंत्री ने अलीगढ़ से राकेश अग्रवाल, कानपुर देहात के सुबोध अग्रवाल और सहारनपुर के रामजी सुरेजा को निजी औद्योगिक पार्क के लिए चेक सौंपा। सीएम ने अलीगढ़ के संयुक्त आयुक्त उद्योग विरेन्द्र कुमार, चंद्रभानु सिंह, उपायुक्त कानपुर देहात और सहारनपुर के सिद्धार्थ यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने एमएसएमई उद्यमियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निजी पार्क बनाने के लिए आगे आने का आह्वान किया।

10 जून तक हर पात्र को सम्मान निधि

सीएम योगी ने किसान को खाता खोलने एवं ईकेवाईसी का प्रमाणपत्र दिया। -विज्ञप्ति

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 10 जून के बाद कोई भी पात्र किसान यह नहीं कहेगा कि उसे किसान सम्मान निधि नहीं मिली। किसान और श्रमिक शासन के एजेंडे का हिस्सा हैं, देश ने यह बीते 9 साल में महसूस किया है। देश-दुनिया का पेट भरने वाले इन किसानों के दम पर ही यूपी आज आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को लोकभवन में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत वृहद संतृप्तीकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 55000 ग्राम पंचायतों में यह अभियान चलाया जाएगा। सम्मान निधि से छूटे प्रत्येक पात्र किसान को योजना से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि जो व्यक्ति प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पात्र नहीं है, वह स्वयं आगे आकर कहे कि गलती से उसका नाम इस सूची में आ गया है।

सीएम ने कहा- जो किसान निधि के पात्र नहीं, स्वयं भी मना करें

दर्शन पोर्टल का किया शुभारंभ, लोगो भी जारी

कार्यक्रम में कृषि विभाग के दर्शन पोर्टल का शुभारंभ और लोगो भी जारी किया गया। पोर्टल पर कृषि विभाग की योजनाओं व सुविधाओं, किसान पंजीकरण व डीबीटी आदि के बारे में जानकारी मिलेगी। इसके अलावा विभिन्न सेवाओं एवं अनुदान के लिए कृषक पंजीकरण की शुरुआत भी हुई। सीएम ने किसान कन्हैयालाल एवं संजय सिंह आदि का खाता खोलने एवं ईकेवाईसी कराने पर प्रमाणपत्र दिया। ब्यूरो